# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण सबसे प्रभावी माध्यम

नवभारत न्यूज

**विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने किया पौधारोपण**

**भिंड 5 जून.** पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी माध्यम है। प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। यह बात स्थानीय विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन- जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी बीआर सिरसाम द्वारा वनकर्मियों को दिए पौधारोपण और संरक्षण करने के गुर सिखाए गए।



भिंड वन परिक्षेत्र द्वारा आयोजित पौधरोपण के अवसर पर विधायक ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्ष ही सबसे बड़ा सहारा हैं। हमें पौधरोपण के साथ- साथ इनकी देखभाल भी तब तक करना चाहिए जब तक कि वे स्वयं पनपने योग्य न हो जाएं। विधायक, वन मंडलाधिकारी और रेंजर वसंत शर्मा की उपस्थिति में करीब आधा सैकड़ा पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर वनरक्षक शिवप्रताप सिंह, दुर्गेश राजावत, ज्योति तोमर, गीता पाल, प्रदीप कुमार, रवि कुशवाह आदि की उपस्थिति रही।



### अधिकारी- कर्मचारियों ने लिया पौधे संरक्षण का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही लगाए गए पौधों के आसपास सफाई अभियान चलाकर उनके संरक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी द्वारा सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वच्छ

### वनकर्मियों को दिए पौधारोपण और संरक्षण करने के गुर

वन मंडल अधिकारी बीआर सिरसाम ने वनकर्मियों को पौधारोपण की वैज्ञानिक पद्धति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फलदार एवं अन्य पौधों के लिए लगभग 45 सेंटीमीटर गहराई तथा समान लंबाई- चौड़ाई का गड्ढा तैयार किया जाता है, जिससे पौधे का विकास बेहतर ढंग से हो सके। इसी प्रकार हर पौधे को लगाने के अलग- अलग तरीके हैं। उन्होंने पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा एवं देखभाल के बारे में भी जानकारी दी।

# जिले भर में 500 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

**भिंड 5 जून.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरएसआई नर्मदा मिनिरल माइंस कंपनी द्वारा जिले भर में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कंपनी द्वारा विभिन्न विद्यालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, पंचायत भवनों तथा पुलिस थाना परिसरों सहित अनेक सार्वजनिक स्थलों पर कुल 500 पौधों का रोपण किया गया।

पौधरोपण अभियान के तहत लहार एसडीएम विजय सिंह यादव के नेतृत्व में रौन एवं मिहोना के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों तथा ब्लॉक शिक्षा कार्यालय परिसर में लगभग 120 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधारोपण किया।



### एसडीएम बोले- पौधरोपण से ही जीवों की सुरक्षा

कार्यक्रम में एसडीएम विजय सिंह यादव ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण प्रकृति संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। वहीं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पेड़- पौधे पर्यावरण को शुद्ध करने के साथ- साथ मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन, छाया एवं प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल करने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की।

### पर्यावरणीय संकट का समाधान पौधरोपण से ही संभव

वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया पर्यावरणीय संकट, बढ़ते तापमान और प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में पौधरोपण केवल एक अभियान नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव है। आरएसआई नर्मदा मिनिरल माइंस कंपनी की इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहनीय बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। कंपनी का यह अभियान क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### कंपनी प्रतिनिधियों ने किया कई जगह पौधरोपण

कंपनी द्वारा ओझाघाट, जखमोली, खेरा, श्यामपुरा, बिलाव सहित विभिन्न ग्रामों के शासकीय विद्यालयों, पंचायत भवनों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं थाना परिसरों में भी पौधारोपण किया गया। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर हरियाली बढ़ाने से वातावरण स्वच्छ होगा तथा लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ उनकी सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोनू राजावत, धर्मेन्द्र बारोट, लोकेन्द्र, कम्बोद, विक्रम सहित अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार ने 42 नव आरक्षकों को भर्ती प्रमाण पत्र प्रदान किए

**भिंड 5 जून.** शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस आरक्षक भर्ती 2025-26 के अंतर्गत चयनित एवं चरित्र सत्यापन सहित सभी निर्धारित मानकों पर उपयुक्त पाए गए नव आरक्षकों को भर्ती प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा ने नव नियुक्त आरक्षकों का स्वागत करते हुए उन्हें पुलिस सेवा के दायित्वों से अवगत कराया।

इस अवसर पर जिले में ज्वाइन कर चुके 21 पुरुष एवं 21 महिला आरक्षकों सहित कुल 42 नव आरक्षकों को पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने हस्ताक्षरयुक्त भर्ती प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा ने कहा कि पुलिस विभाग की वास्तविक छवि आम जनता के बीच कार्यरत आरक्षक एवं निचले स्तर के पुलिस कर्मचारियों से बनती है। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय दीपक तोमर ने भी नव आरक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन रक्षित निरीक्षक अरविंद सिंह सिकरवार द्वारा किया गया।

# 6 साल बाद पुलिस की गिरफ्त में आया शातिर चोर

नवभारत न्यूज

**भिंड 5 जून.** देहात थाना पुलिस ने छह वर्ष से फरार चल रहे एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी वर्ष 2020 में ग्राम जारी में हुई करीब चार लाख रुपये की चोरी की वारदात में शामिल था और घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार 15 जून 2020 को ग्राम जारी निवासी फरियादी ने थाना देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 जून 2020 की रात अज्ञात चोर उसके मकान से सोने- चांदी के जेवरात एवं अन्य सामान सहित करीब चार लाख रुपये की चोरी कर ले गए हैं। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा एंव नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत के नेतृत्व में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक शिवप्रताप सिंह के साथ ही उपनिरीक्षक अजय यादव, प्रधान आरक्षक गुरुदास सोढी, रमाकांत शर्मा तथा आरक्षक कमल तोमर, सुमित शर्मा, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, अजीत सिकरवार, भूपेन्द्र तोमर, रामकुमार जाट, सरजीत सिंह, अशोक यादव, पदम सिंह, आदित्य चौहान, ललित मंडलोई, आजाद खान एवं साइबर सेल के राहुल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुन : उठी गोल मार्केट पर भदावर किला गेट निर्माण कराने की मांग

नवभारत न्यूज

**भिंड 5 जून.** नगर की ऐतिहासिक धरोहर एवं पहचान माने जाने वाले भदावर किला गेट के जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने चिंता व्यक्त की है। इसी क्रम में श्री राम सेना के संरक्षक श्यामू भदौरिया के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं नगरवासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत वर्मा को ज्ञापन सौंपकर किला गेट के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि भदावर किला गेट भिंड की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक पहचान का महत्वपूर्ण प्रतीक है। इसके जीर्णोद्धार के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से नगरवासियों में आक्रोश व्याप्त है। इसके साथ ही देरी के कारण ऐतिहासिक संरचना की स्थिति लगातार प्रभावित हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि किला गेट के जीर्णोद्धार का कार्य तत्काल प्रारंभ कराया जाए, कार्य में देरी के कारणों को सार्वजनिक किया जाए, निर्माण कार्य की निश्चित समय- सीमा घोषित की जाए तथा ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।



### करणी सेना ने किया मांग का समर्थन

स्थानीय गोल मार्केट पर भदावर किला गेट मांग को श्री राजपूत करणी सेना ने भी अपना समर्थन दिया है। संगठन का कहना है कि भदावर किला गेट केवल एक निर्माण परियोजना नहीं बल्कि क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और जनभावनाओं का प्रतीक है। संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया ने प्रशासन एवं नगर पालिका से निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने की मांग करते हुए सभी समाजजनों से इस जनहित एवं विरासत संरक्षण अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया।

### कई संगठनों के प्रतिनिधि रहे उपस्थितः

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी अमर सिंह दद्दा, सतपाल सिंह भदौरिया, गुड्डू भदौरिया, रक्षपाल सिंह राजावत जयदीप फौजी, रोमी चौहान, चंद्रभान सिंह राजावत,ी रीशेंद्र सिंह राजावत, स्मृता तोमर, नीरज पुरोहित, गिरराज तोमर सहित सैकड़ों युवा एवं नगरवासी उपस्थित रहे। सामाजिक संगठनों ने कहा कि भदावर किला गेट क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है और इसका निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूरा किया जाना चाहिए ताकि नगर की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखा जा सके तथा आने वाली पीढ़ियां अपने गौरवशाली इतिहास से जुड़ सकें।

# दलित समाज के विरुद्ध बढ़ते अपराध अत्यंत चिंताजनक : बरैया

नवभारत न्यूज

**मदनपुरा की नाबालिग बेटी को न्याय दिलाने कांग्रेस ने किया प्रदर्शन**

**भिंड 5 जून.** मौ थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुरा में दलित समाज की नाबालिग बालिका के साथ हुई जघन्य घटना के विरोध में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं भांडेर विधायक फूलसिंह बरैया के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।



ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम मदनपुरा निवासी नाबालिग बालिका के अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्या की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि परिजनों द्वारा पूर्व में शिकायत दिए जाने के बावजूद समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई जिसके चलते इतनी गंभीर घटना घटित हुई। उन्होंने मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कर सभी आरोपियों एवं सहयोगियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

विधायक बरैया ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं, बालिकाओं एवं दलित समाज के विरुद्ध बढ़ते अपराध अत्यंत चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए सरकार को संवेदनशीलता के साथ त्वरित कदम उठाने चाहिए तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है इसलिए उन्हें पर्याप्त आर्थिक सहायता, भूमि आवंटन एवं सुरक्षा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया पिंकी ने कहा कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बचाया नहीं जाना चाहिए. कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि सभी आरोपियों के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में निष्पक्ष जांच एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की मांग की गई। अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को मामले में नियमानुसार जांच एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान केशव देसाई, जयश्री राम बघेल, महेश जाटव, डॉ राधेश्याम शर्मा, नरोत्तम सिंह नरवरिया, देवी सिंह तोमर, राकेश उर्फ रक्के भदौरिया, स्मृता तोमर, इलियास खान, नईम पठान, अजमेर सिंह जाटव सहित कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मालनपुर में गुरुकुल एकेडमी संस्थान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**मालनपुर, 5 जून।** शिक्षा के बिना इंसान कुछ भी नहीं कर सकता और सफलता का आधार भी शिक्षा ही है। यह बात मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने गुरुकुल एकेडमी कोचिंग संस्थान के शुभारंभ कार्यक्रम में कही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी ने छात्रों को साइबर फ्रॉड, सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और जागरूकता भी जरूरी है।



शुभारंभ समारोह में विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच लोकेंद्र सिंह गुर्जर, संत श्री रविदास आश्रम के महंत रामजी नंद महाराज और गुरुकुल एकेडमी की डायरेक्टर नीरू पवैया ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए।

महंत श्री राम जी नंद महाराज ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। संचालक नीरू पवैया ने कहा कि हमारा उद्देश्य वंचित वर्ग के छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद धवल, इंग्लिश शिक्षक ने किया।इस अवसर पर सत्यभान सिंह गुर्जर समाजसेवी, राम सेवक मौर्य पूर्व प्राचार्य, मुकेश शर्मा समाजसेवी, शिवम शर्मा डायरेक्टर करियर पावर अड्डा 24/7 ग्वालियर, विपिन श्रीवास्तव मैनेजिंग डायरेक्टर करियर पावर अड्डा 24/7 ग्वालियर, रंधौर सिंह तोमर वरिष्ठ समाजसेवी, श्री रवि गुर्जर बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर, सुरेंद्र सिंह चौरसिया, संजय मौर्य, पूरन सिंह अर्गल, के आर्य, शुभम गुप्ता, दिनेश पावक, जंडेल सिंह नरवरिया एवं समस्त पत्रकारगण उपस्थित रहे कार्यक्रम में क्षेत्र के आसपास से आए छात्र और अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# खेतों में लगी अचानक आग से किसान के लगे सागौन के पेड़ जलकर हुए खाक



**मेहगांव, 5 जून।** मेहगांव क्षेत्र के चिरोल गांव के खेतों में लगी आग से किसान महेश सिंह कौरव के लगे सर्वे क्रमांक 342 में सागौन के पेड़ जलकर हुए राख किसान महेश कौरव ने तहसील दार को दिया आवेदन किसान ने बताया कि हमारे सर्वे नम्बर 342 में हमारे 160 सागौन के वृक्ष लगे हुए थे जिनकी 16 साल से हम एवं हमारा परिवार परवरिश कर रहे थे 14 मई को चिरोल में अचानक लगी आग से हमारे सर्वे नम्बर 342 में लगे सागौन के 160 पेड़ो में से 25 पेड़ पूरी तरह जलकर राख हो गए और 25 पेड़ झुलस गए करीबन पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ आग से जलकर सागौन के पेड़ों की जानकारी हल्का पटवारी को दी गई हल्का पटवारी ने निरीक्षण भी किया लेकिन आज दिनांक तक ना मुझे कोई मुआवजा मिला एवं ना कोई आगे कार्यवाही हुई आज तहसील दार साहब के यहां आवेदन देकर निवेदन किया है कि जांच करवाकर आग से हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलवाया जाए

**इनका कहना-** जांच करवाकर आगे की कार्यवाही करेंगे।

**राजकुमार नागोरिया** तहसीलदार मेहगांव

## विश्व पर्यावरण दिवस



### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की विशाल रैली, नोवा इंडस्ट्रीज ने ठंडे फ्लेवर्ड मिल्क से बुझाई प्यास

**मालनपुर, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर को मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ग्वालियर द्वारा एक विशाल पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में मालनपुर, बामोर और ग्वालियर-चंबल अंचल की दर्जनों कंपनियों के प्रबंधक, कर्मचारी और प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।रैली के दौरान नोवा इंडस्ट्रीज ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए स्टॉल लगाकर राहगीरों, रैली में शामिल प्रतिभागियों और टेंपो चालकों को ठंडा फ्लेवर्ड मिल्क और नाश्ते के पैकेट का वितरण किया।इस अवसर पर नोवा कंपनी के महाप्रबंधक आदित्य शुक्ला ने कहा, 'पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। स्कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी के एचआर अधिकारी अभिषेक पांडे ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'पेड़ लगाएँ, पर्यावरण बचाएँ। स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन की पहचान है।कार्यक्रम में मालनपुर-बामोर औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और हरियाली बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नोवा कंपनी के तमाम अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।



### स्वच्छता की ली शपथ, किया पौधरोपण

**मालनपुर, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर गुरुवार को नगर परिषद मालनपुर द्वारा विशेष परिषद एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। दोपहर 12:30 बजे शुरू हुई बैठक 1:30 बजे तक चली। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026, सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के परिपालन, निकाय स्तरीय व 15 वार्ड स्तरीय समितियों की भूमिका पर चर्चा हुई। साथ ही स्रोत पर 4 रंगीन डिब्बों में कचरा पृथक्करण और वार्ड स्तर पर जागरूकता अभियान की कार्ययोजना पर जोर दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के विभिन्न पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के समापन पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद पीछे स्थित तिलोरी तालाब परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम 'द्व अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। नगर परिषद ने कहा कि मालनपुर को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए जनभागीदारी जरूरी है।



### रोपे गए पौधों की देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाएं : कलेक्टर

**मेहगांव, 5 जून।** पर्यावरण संरक्षण के अन्तर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण कार्यक्रम के तहत कलेक्टर किरोड़ीलाल मीना ने एसडीएम मेहगांव नवनीत शर्मा, सीएमओ मेहगांव महेश पुरोहित सहित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठन, गणमान्य नागरिक, स्व सहायता समूह एवं छात्र छात्राओं के साथ शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में लगभग 700 पौधे तथा नवीन तहसील परिसर मेहगांव में लगभग 200 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।कलेक्टर श्री मीना ने पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उसे बड़ा करना भी उतना ही अधिक महत्वपूर्ण है। सीएमओ मेहगांव महेश पुरोहित ने कहा कि हम सभी यदि आज पेड़ लगाएंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा।इस अवसर पर तहसीलदार राजकुमार नागोरिया नगरपरिषद अध्यक्ष पति पिंटू राठौर भाजपा की पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा राठौर जनपद अध्यक्ष अशोक जाटव भाजपा जिला मंत्री सुभाष राठौर मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती मुन्नी नरवरिया मंडल महामंत्री रामवीर सिंह भदौरिया कालीचरण शाक्य पार्षद राकेश चौधरी उदय सिंह गुर्जर केशव राठौर उपाध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया बल्लू पाल रमेश ओझा इंजीनियर अनुराग गुप्ता अनेक सिंह भदौरिया उपस्थित रहे।




### ब्रह्माकुमारी आश्रम में विश्व साइकिल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**मालनपुर, 5 जून।** विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारी आश्रम मालनपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुमारी अनन्या के स्वागत नृत्य से हुई। कार्यक्रम में टेकनपुर की संचालिका ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने कहा कि हमें फिर से पुराने समय की ओर लौटना होगा। पहले लोग साइकिल से लंबी यात्राएं करते थे, जिससे खर्च बचता था और शरीर स्वस्थ रहता था। अब समय है कि हम फिर से साइकिल को अपनाकर खुद को और पर्यावरण को स्वस्थ रखें।

एडवोकेट ब्रह्माकुमारी सरोजिनी बहन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि योग और परमात्मा की शक्ति से उन्होंने वकालत का मार्ग चुना। उन्होंने कहा कि समाज को बुराइयों से बचाने के लिए वे समाज सेवा के रूप में वकालत कर रही हैं।

ब्रह्माकुमार सहदेव भाई ने परमात्मा का ज्ञान दिया, वहीं ब्रह्माकुमार महेश भाई ने मनोबल के चमत्कार पर प्रकाश डाला। दतिया से आए स्कूल प्राचार्य ब्रह्माकुमार चंदन भाई ने शिक्षा पर बल देते हुए सभी को शिक्षित होकर समाज में अपना स्थान बनाने की प्रेरणा दी। ब्रह्माकुमार जीतू भाई ने भी अपने अनुभव साझा किए। मालनपुर आश्रम की संचालिका ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जीवन में बुरा मत देखो, मत बोलो, मत सुनो, मत सोचो और मोबाइल से दूरी बनाकर रखें। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी सृष्टि बहन ने किया।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी भावना, नीलम, मंदा, जानकी, शशि, सुनील सहित कई भाई-बहन उपस्थित रहे।